सं0सं0-01/दि०स०नि०(बजट)-04/2026/..62........

<u>बिहार सरकार</u>

<u>समाज कल्याण विभाग</u>

प्रेषक,

सुशील कुमार,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 06.07.2026

विषय: **समाज कल्याण विभाग के प्रक्षेत्राधीन मुंगेर जिलान्तर्गत संचालित राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय में वित्तीय वर्ष 2020-21 में कराये गये विद्युत मरम्मति कार्य के निमित तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, मुंगेर के द्वारा अनुमोदित तकनीकी प्राक्कलन की राशि रू० 7,74,929/- (सात लाख चौहत्तर हजार नौ सौ उनतीस) मात्र के विरूद्ध घटनोत्तर प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भवन निर्माण विभाग के पत्रांक-11746 (भ०) दिनांक- 30.12.2025 के द्वारा राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय, सदर ब्लॉक, मुंगेर में विद्युत मरम्मति कार्य के निमित तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, मुंगेर के द्वारा अनुमोदित तकनीकी प्राक्कलन की राशि रू० 7,74,929/- (सात लाख चौहत्तर हजार नौ सौ उनतीस) मात्र के विरूद्ध घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए निधि आवंटन की मॉग की गयी है।

2. वित्तीय वर्ष 2020-21 में राजकीय मूक-बधिर आवासीय मध्य विद्यालय, सदर ब्लॉक, मुंगेर में विद्युत कार्यों के मरम्मति हेतु तत्कालिक विद्युत कार्यपालक अभियंता, मुंगेर के द्वारा विस्तृत प्राक्कलन तैयार किया गया था। जिसके आलोक में भवन निर्माण विभाग के पत्रांक-628 दिनांक- 17.07.2020 के द्वारा उक्त प्राक्कलन विभाग को उपलब्ध कराते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया था। परन्तु कतिपय कारणों से तत्समय उक्त प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं किया जा सका।

3. कार्य की महत्ता को देखते हुए तत्कालीन सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मुंगेर के द्वारा उक्त प्राक्कलन के विरूद्ध चयनित संवेदक से वॉछित कार्य का सम्पादन करा लिया गया। परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति नहीं होने के कारण संवेदक का अबतक राशि प्रदान नहीं की जा सकी है।

4. संवेदक को राशि प्राप्त नहीं होने के कारण संबंधित संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC No. 17903/2025 M/S H.S. Pandey & Company Through its proprietor Arun Kumar Pandey vs The State of Bihar and others वाद दायर किया गया।

5. उक्त परिप्रेक्ष्य में भवन निर्माण विभाग के अनुरोध एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर वाद के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2020-21 में कराये गये विद्युत मरम्मति कार्य के निमित तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, मुंगेर के द्वारा अनुमोदित तकनीकी प्राक्कलन की राशि रू० 7,74,929/- (सात लाख चौहत्तर हजार नौ सौ उनतीस) मात्र के विरूद्ध घटनोत्तर प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

6. स्वीकृत राशि चालू वित्तीय वर्ष अन्तर्गत मुख्य शीर्ष-2235- सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उप मुख्य शीर्ष-02-समाज कल्याण, लघु शीर्ष-101-विकलांग व्यक्तियों का कल्याण, उप शीर्ष-0125-मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना से संबंधित विषय शीर्ष-2702 अनुरक्षण एवं मरम्मत के अधीन मांग संख्या-03, विपत्र कोड- 03-2235021010125 के अन्तर्गत उपलबध बजटीय उपबंध से विकलनीय होगा।

7. स्वीकृत राशि का आवंटन सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल को प्रदान करेंगे तथा भवन निर्माण विभाग विनिद्दष्ट, विद्युत कार्यपालक अभियंता/ संबंधित कार्यपालक अभियंता इसके निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होगें।

8. बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

9. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के परिपत्र संख्या- 2561 दिनांक- 17.04.1998, 2398 दिनांक- 08.04.2008, 12888 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-227/वि0 दिनांक-28.03.2025 तथा बिहार पी०डब्लू०डी० संहिता के प्रावधानों एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

10. प्रस्ताव पर स्कीम स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा प्राप्त है।

11. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर संचिका सं0-**01/दि०स०नि०(बजट)-04/2026** के टिप्पणी पृष्ठ 21 /टि0 पर दिनांक- 03.07.2026 को आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

7/7/26

(सुशील कुमार)
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-04/2026/**62 पटना, दिनांक 06.07.2026

प्रतिलिपि :- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/सचिव, भवन निर्माण विभाग/सचिव, वित विभाग/निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय / संयुक्त सचिव, योजना एवं बजट शाखा, समाज कल्याण विभाग/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिरण निदेशालय, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, मुंगेर/ कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर/ सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-04/2026/**62 पटना, दिनांक 06.07.2026

प्रतिलिपि:- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिचाई भवन/विकास भवन/विश्ववेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/दि०स०नि०(बजट)-04/2026/**62 पटना, दिनांक 06.07.2026

प्रतिलिपि:- विभागीय आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/7/26

संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।